भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या -1982
05/08/2026 को उत्तर के लिए

तेलंगाना में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जलीय कृषि

1982 डा. के. लक्ष्मणः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत स्वीकृत वित्तीय सहायता तथा समर्थित प्रमुख गतिविधियों का और इस योजना के अंतर्गत अब तक की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में, विशेषकर अंतर्देशीय जिलों में शीत-श्रृंखला अवसंरचना, मत्स्य बाजारों तथा मत्स्य प्रसंस्करण सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कौन-कौन से उपाय किए गए हैं; और
(ग) प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के कार्यान्वयन तथा लघु एवं सीमांत मत्स्य पालकों को प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं बाजार संपर्क के माध्यम से सहायता प्रदान करने में हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय मत्स्य पालन विकास बोर्ड की क्या भूमिका है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क): मत्स्यपालन विभाग , मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत, तेलंगाना सरकार के ₹353.01 करोड़ रुपए के मात्स्यिकी और जलकृषि विकास प्रस्तावों को स्वीकृति दी है, जिसमें 2020-21 से ₹112.68 करोड़ का केंद्रीय हिस्सा शामिल है। स्वीकृत परियोजनाओं में राज्य के मात्स्यिकी एवं जलकृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के अंतर्क्षेप शामिल हैं। इनमें हैचरी विकास, आधुनिक जलकृषि प्रणालियों की स्थापना, मत्स्य विक्रय एवं विपणन अवसंरचना का विकास, आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियाँ तथा अत्याधुनिक थोक मत्स्य बाजार की स्थापना शामिल है। 2020-21 से तेलंगाना राज्य के लिए PMMSY के तहत अनुमोदित गतिविधियों की सूची **अनुबंध** में दी गई है। इसके अलावा, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने तेलंगाना के मंचेरियल जिले में मुरेल क्लस्टर को अधिसूचित किया है और इस ज़िले में मुरेल के लिए एक 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' भी स्थापित किया है।

(ख): मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने तेलंगाना में कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर, मत्स्य विपणन और मत्स्य प्रसंस्करण सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पीएमएमएसवाई के तहत (i) आइस बॉक्स के साथ 771 दोपहिया वाहन, (ii) आइस बॉक्स के साथ 341 तिपहिया वाहन, (iii) 6 इंसुलेटेड वाहन, (iv) 185 मत्स्य कियोस्क इकाई, और (v) 2 जीवित मत्स्य वेंडिंग केंद्रों की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसके अतिरिक्त, हैदराबाद में ₹47.03 करोड़ की लागत से एकीकृत कोल्ड-चेन सुविधाओं के साथ एक अत्याधुनिक थोक मत्स्य बाजार की स्थापना को स्वीकृति दी गई है।

(ग): राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से PMMSY के तहत प्राप्त प्रस्तावों की जांच और मूल्यांकन के साथ-साथ, अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। NFDB, PMMSY के तहत प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और आउटरीच कार्यक्रमों के लिए नोडल एजेंसी भी है। NFDB से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना में कुल 389 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 15,565 मत्सय किसानों को शामिल किया गया।

*****

अनुबंध

तेलंगाना में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जलीय कृषि के संबंध में 5 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए डॉ. के. लक्ष्मण द्वारा पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1982 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण: :

2020-21 से तेलंगाना राज्य के लिए PMMSY के तहत अनुमोदित गतिविधियों की सूची

क्रम संख्या	**घटकों का नाम**	**इकाइयां (संख्या/क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)**
(i)	**(ii)**	**(iii)**
1	मीठे पानी की फिनफिश हैचरी की स्थापना (संख्या)	21
2	ग्रो-आउट तालाब (हेक्टेयर)	823.68
3	मीठे पानी की जलीय कृषि के लिए इनपुट (हेक्टेयर में)	759.86
4.	RAS (संख्या) की स्थापना	11
5.	जलाशयों में केज की स्थापना (संख्या)	89
6.	इंसुलेटेड वाहन (संख्या में)	6
7.	आइस बॉक्स वाले तीन पहिया वाहन, जिसमें मछली बेचने के लिए ई-रिक्शा भी शामिल हैं (संख्या में)	341
8.	फिश कियोस्क (संख्या)	185
9.	मिनी फीड मिल (क्षमता 2 टन/दिन) (संख्या)	2
10.	जीवित मत्स्य विक्रय केंद्र (संख्या)	2
11.	आइस बॉक्स के साथ दोपहिया वाहन (संख्या)	771
12.	सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के लिए आजीविका और पोषण सहायता (संख्या)	4970
13.	पारंपरिक मछुआरों के लिए नावें और जाल उपलब्ध कराना (संख्या)	52
14.	हैदराबाद में अत्याधुनिक मत्स्य बाज़ार (संख्या)	1

****